हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, बुधवार, 9 अप्रैल 2025


## ईमामवाड़ा में ट्रक और मशीनरी की हुई चोरी

**नागपुर.** ईमामवाड़ा थाना क्षेत्र में एक ट्रक और उसमें रखी मशीनरी चोरी होने की घटना सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी हेल्पर को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायतकर्ता शशि भूषण रवेड़िया (43) प्लॉट नंबर 15, ग्रेट नाग रोड, विश्वकर्मा रोलिंग, ऊंटखाना, ईमामवाड़ा निवासी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उनका अशोक लीलैंड ट्रक (क्र. एमएच 49 बीजी 7353), जिसे ड्राइवर संजय बनाफर चला रहा था, 6 अप्रैल की रात करीब 11 बजे विश्वकर्मा रोलिंग सेंटर के सामने सड़क पर पार्क किया गया था। शिकायत के अनुसार, उसी ट्रक का हेल्पर मनिष मरकाम (25) मंडला (मध्य प्रदेश) निवासी ने दुकान से ट्रक की चाबी चुराई और ट्रक समेत उसमें रखे हॅमर मशीन, ग्राइंडर मशीन और लेबर की बैग में रखे 6,500 रुपये नकद सहित कुल 7,08,500 रुपये का माल चुरा लिया। फरियादी ने जब सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो आरोपी द्वारा की गई चोरी स्पष्ट रूप से नजर आई।

# नगर निगम ने की जलकुंभी संचयन और कौशल विकास की समीक्षा

**नागपुर.**





नागपुर महानगरपालिका की अतिरिक्त आयुक्त वैष्णवी बी. ने (8 तारीख) अंबाझरी झील का दौरा किया और जलकुंभी संचयन गतिविधियों की समीक्षा की और वहां काम कर रही महिलाओं से चर्चा की।

इस अवसर पर लक्ष्मी नगर जोन की सामाजिक विकास उपायुक्त डॉ. रंजना लाडे, सहायक आयुक्त सतीश चौधरी, प्रबंधक श्री. विनय त्रिकोलवार, रितेश बांते, नूतन मोरे, सामुदायिक संगठक ज्योति शेगोकर, स्वास्थ्य निरीक्षक बी.एस. गजभिये आदि उपस्थित थे। नगर निगम अंबाझरी झील में जलीय पौधों से पर्यावरण अनुकूल उत्पाद बनाने की पहल को क्रियान्वित करेगा। इसके लिए नागपुर नगर निगम एक सौ महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देगा। इस पहल से शहर में स्वयं सहायता समूहों और महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण भी मिलेगा। इस अवसर पर अपर आयुक्त वैष्णवी बी. ने निर्देश दिए कि मानसून से पहले वाटर लिली कटाई का काम पूरा कर लिया जाए। उन्होंने सिंघाड़े के बंडल बांधने की प्रक्रिया, काम के घंटे, महिला श्रमिकों को मिलने वाले पारिश्रमिक और पेयजल सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात वैष्णवी बी. सीताबर्डी में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय नागरिक आजीविका मिशन अंतर्गत सोनचिरैया शहरी आजीविका केन्द्र, सिलाई क्लस्टर एवं प्रशिक्षण केन्द्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने शहरी आजीविका केन्द्र के जीर्णोद्धार का कार्य जून तक पूरा करने के निर्देश ठेकेदारों को दिए। साथ ही ठेकेदारों व अधिकारियों को हर सप्ताह कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने सोन चिरैया केंद्र में सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर उप अभियंता सचिन चमाटे, ठेकेदार राकेश असाटी और शर्मिष्ठा गांधी उपस्थित थे।

इसके अलावा उपायुक्त डॉ. रंजना लाडे ने बूटी गर्ल्स स्कूल स्थित आधार शहरी बेघर आश्रय केंद्र का भी दौरा कर निरीक्षण किया। उन्होंने इस शहरी बेघर आश्रय की उचित देखभाल करने की सलाह दी।

## लूट-पाट का आरोपी गिरफ्तार, 3.35 लाख का माल बरामद

**नागपुर.** राणाप्रतापनगर पुलिस थाने की जांच टीम ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 3,35,940 रुपये का चोरी गया माल बरामद किया गया है, जिसमें सोने के आभूषण, नकद राशि और एक साइकिल शामिल है। मामला 7 अप्रैल 2025 का है, जब गायत्री नगर स्थित श्रीकृपा किराना दुकान में दिनदहाड़े जबरी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़ित के अनुसार, एक युवक दुकान में चावल खरीदने के बहाने आया और मौका पाकर दुकान के पिछले हिस्से में घुसकर गले में रखे हुए सोने के आभूषण और नकदी चुरा ली। जब दुकान मालिक के पिता ने उसे रोकने की कोशिश की, तो आरोपी ने उनके चेहरे पर थप्पड़ मारा और धक्का देकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर राणाप्रतापनगर पुलिस थाने में जबरी चोरी के तहत मामला दर्ज किया गया।

## बैंक अधिकारी से मारपीट कर व्यक्ति ने लूटे थे सोने के आभूषण

### > बदनामी करने की दी थी धमकी

**नागपुर.**

लकड़गंज थाना क्षेत्र में जबरन लूट की एक घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना दिनांक 15 मार्च 2025 को दोपहर 12:30 बजे के आसपास हुई। फरियादी उमेश महादेव कापसे (55) विश्राम नगर, नारी, कपिलनगर निवासी बताई जा रहे हैं जो की एक सरकारी बैंक में अधिकारी हैं। वह घटना वाले दिन अपनी दोपहिया वाहन से पुराने मोटर स्टैंड चौक से मारवाड़ी चौक की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनका परिचित आदेश प्रदीप समुद्रे ( 21), गणेश मंदिर के पास, ठक्करग्राम, पांचपावली निवासी अपनी मॉपेड से उनके पास आया और उन्हें मारपीट की धमकी देते हुए बदनामी की भी चेतावनी दी। डर के माहौल में आरोपी ने फिर्यादी के हाथ में पहना हुआ सोने का ब्रेसलेट और गले की सोने की चेन, जिसकी कुल कीमत ₹2,35,000 थी, जबरन छीन ली और मौके से फरार हो गया।दरअसल आरोपी को लोन के एक सिलसिले मे उमेश कापसे से मुलाकात हुई थी। हालांकि आरोपी आदेश को लोन नहीं मिल पाया था। आरोपी आदेश प्रदीप समुद्रे विदेशी नस्ल के महंगे कुत्तों को पालने और उनको बेचने का काम करता है।

**लूटपाट की इस घटना के बाद**

घबराए फिर्यादी ने थोड़ी देर से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। लकड़गंज पुलिस थाने के पोउपनि भंडारी ने आईपीसी की धारा 309(4) के तहत मामला दर्ज किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। गोपनीय जानकारी और सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग के बाद पुलिस ने आरोपी को ढूंढ कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल मामले की आगे की जांच जारी है।

# हज यात्रियों के लिए सिवनी में प्रशिक्षण शिविर आयोजित




**नागपुर.**

सेन्ट्रल इंडिया खादिमुल हुज्जाज कमेटी, नागपुर की जानिब से सिवनी (मयप्रदेश) में हाजी अ. कदीर अध्यक्ष सी.टी.सी. की अध्यक्षता में हज 2025 के हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमे 200 हज यात्रियों ने इसका लाभ उठाया।

हज यात्रियों को प्रशिक्षक असदउल्लाह खान, मास्टर गफ्फार अंसारी, हाजी मो. कलाम, शाहीद नसीम खान, अध्यक्ष आल इंडिया खादिमुल हुज्जाज कमेटी ने सफर-ए-हज व उमराह के बारे में प्रशिक्षण दिया। हज के बारे में जनाब साबीर मास्टर (सिवनी) ने हज के अरकान के बारे में विस्तार से मालुमात दी।

इस कार्यक्रम का आयोजन सेन्ट्रल इंडिया खादिमुल हुज्जाज कमेटी के जिला अध्यक्ष मुन्नाभाई ने किया. इरफ़ान उल हक़,सोहेल हैदरी , हाजी समद खान, लाला भाई, शेख इसहाकआदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयास किया.

## घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी का भंडाफोड़

### दो आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

कपिलनगर थाना क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रूप से व्यापारिक सिलेंडरों में ट्रांसफर कर कालाबाजारी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर दीपक टायर चौक, नारी रोड स्थित प्लॉट नं. 49 पर छापा मारा गया। पुलिस की छापेमारी में आरोपी मोहनसिंग जगदीशसिंग (24) और विष्णुकुमार कुलदीपसिंग रेहार (22) दोनों जिला धौलपुर, राजस्थान निवासी (वर्तमान में कपिलनगर को घरेलू गैस सिलेंडर से नोजल की मदद से कमर्शियल सिलेंडर में गैस भरते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी सिविल लाइन्स स्थित घरेलू गैस एजेंसी में डिस्ट्रीब्यूटर के पास डिलीवरी बॉय रूप में कार्यरत हैं और वे हर भरे हुए घरेलू गैस सिलेंडर से 1-2 किलोग्राम गैस निकालकर कमर्शियल सिलेंडरों में भरते थे, जिससे वे निजी लाभ कमा रहे थे।

पुलिस ने घटनास्थल से एचपी कंपनी के 17 गैस सिलेंडर, भारत गैस के 7 सिलेंडर, इंडेन कंपनी का 1 कमर्शियल गैस सिलेंडर, 2 ट्रांसफर नोजल, 1 इलेक्ट्रिक वजन काटा समेत कुल 3,76,700 रुपये मूल्य का माल जब्त किया है।

इस संबंध में पुलिस उपनिरीक्षक योगेश नाल्टे की शिकायत पर सपोनि अमोल ढोकणे ने आरोपियों के खिलाफ भा. न्याय.सं. की धारा 287, आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3, 7 तथा तरल पेट्रोलियम गैस (विनियमन) अधिनियम की धारा 3 के तहत मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। आगे की जांच जारी है।

## जानवरों की अवैध तस्करी करने वाले 4 आरोपी हिरासत में

### > 20 भैंसें और 4 वाहन ज़ब्त

**नागपुर.**

कलमना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से जानवरों की क्रूरता से तस्करी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 7 अप्रैल 2025 की रात लगभग 11:30 बजे की गई जब पुलिस बिट मार्शल को जानकारी मिली कि पावनगांव ग्रामपंचायत रोड पर कुछ लोगों ने अवैध पशु वाहनों को रोका है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुँची, जहाँ चार वाहनों — टाटा योध्दा (क्रमांक एम एच 36 एए 2724 व एमएच 36 एए 3583), बोलेरो पिकअप (एम एच 40 बीएल 5009 व एमएच 49 एटी 8905) में करीब 20 भैंसों को क्रूरता पूर्वक, बिना चारा-पानी के, बाँधकर रखा गया था।



वाहन चालकों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम सिद्दीकी नवाब सय्यद (29) व क्लीनर सोहित रामदयाल तांडेकर (21), विकेश भोजराम घुरवे (42) व क्लीनर बादल रामप्रसाद हडमाचे (22), कुणाल विनोद मानवटकर (22), आनंद लक्ष्मण चांदपुरे (30) सभी निवासी भंडारा निवासी बताया।

जब इनसे पशुओं के संबंध में कागज़ात मांगे गए, तो इन्होंने कोई भी दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं किये और टालमटोल करते रहे। पूछताछ में सामने आया कि सभी आरोपी भैंसों को अवैध रूप से कत्ल के लिए ले जा रहे थे। कलमना पुलिस ने 20 भैंसों और 4 वाहनों सहित करीब 18.40 लाख रुपये का माल जब्त किया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग

### लाखों का माल जलकर खाक

**नागपुर.**

इमामवाड़ा पुलिस थाने के ठीक सामने स्थित एक प्लास्टिक वेस्ट मटेरियल के कारखाने में सोमवार देर रात भीषण आग लग गई। यह कारखाना सूर्यकांत लोखंडे (47) सिविल लाइंस निवासी नामक व्यक्ति का है, जो 'ज्योति पॉलीमर' के नाम से चलता है। आग लगने की जानकारी मिलते ही अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और आठ दमकल गाड़ियों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कारखाना मालिक सूर्यकांत लोखंडे ने बताया कि आग लगने से पहले एक बारात उनके कारखाने के सामने से गुजरी थी। बारात में पटाखे फोड़े जा रहे थे। उन्हें आशंका है कि इन्हीं पटाखों से निकली चिंगारी से फैक्ट्री में आग लगी। इस आगजनी में करीब 50 लाख रुपये से अधिक के माल के जलकर खाक होने की बात कही जा रही है।

# महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन का 30वां दिन पूरा

**नागपुर.**

### 12 मई को बौद्धगया में ऐतिहासिक आंदोलन




नागपुर के संविधान चौक पर भीम सेना के नेतृत्व में चल रहे महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को 30 दिन पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के प्रमुख विनयाचार्य जी ने धरना स्थल पर विशेष उपस्थिति दर्ज कराई तथा प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। विनयाचार्य जी ने मंच से ऐतिहासिक घोषणा करते हुए कहा कि 12 मई 2025 को बोधगया में 12 लाख लोगों के साथ एक भव्य आंदोलन किया जाएगा, जो इतिहास में एक नया युग लिखेगा। यह आंदोलन बौद्ध समुदाय के अधिकारों की बहाली और महाबोधि महाविहार की मुक्ति की दिशा में एक निर्णायक कदम होगा। इस विरोध प्रदर्शन में भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीधर साल्वे भी मौजूद थे। उन्होंने आंदोलन के प्रति अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया और कहा, यह संघर्ष अब निर्णायक चरण में है और यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक बौद्ध समुदाय को उसका उचित अधिकार नहीं मिल जाता। आज के मंच से यह संदेश पूरे देश के बौद्ध समुदाय और न्यायप्रिय लोगों तक पहुंचाया गया। भीम सेना और दीक्षाभूमि बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में इस शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को व्यापक जन समर्थन मिल रहा है।

## सूने घर से चोरों ने उड़ाया एक लाख का माल

**नागपुर.** नवीन कामठी पुलिस थाना क्षेत्र में एक सूने घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना में चोरों ने नगद व सोने-चांदी के गहनों सहित कुल ₹1,03,202 का माल चुरा लिया।

फरियादी शेख सलीम शेख विस्मील (46) शहीद नगर, मस्जिद के पास, स्नाळा निवासी दिनांक 4 अप्रैल 2025 की सुबह 10 बजे से लेकर 7 अप्रैल की सुबह 9:30 बजे तक अपने परिवार सहित भोपाल, मध्य प्रदेश में अपनी आजी से मिलने गए हुए थे।

# गिरवी रखी जमीन को फर्जी तरीके से बेचा

### > सात आरोपियों के खिलाफ मामला हुआ दर्ज

**नागपुर.**

सीताबर्डी पुलिस ने एक जमीन धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है, जिसमें सात आरोपियों ने मिलकर गिरवी रखी रखी गई जमीन को बिना अनुमति के बेचने का षड्यंत्र रचकर 1 करोड़ 20 लाख रुपये का कर्ज उठाया और संस्था के साथ धोखा किया। पुलिस के अनुसार, यह घटना 30 सितंबर 2008 से लेकर 19 जून 2024 के बीच घटी। आरोपी दुधाराम लोडकुजी सव्वालाखे गजानन नगर सोसायटी, ओंकार नगर चौक निवासी के नाम की मौजा नं. 210, खसरा नं. 43/2ए, क्षेत्रफल 2.10 हेक्टेयर जमीन को अन्य आरोपियों—प्रणिता सव्वालाखे, रंजीत नत्थूसिंग नौकारीया, मिरा नौकारीया, मनिषा नौकारीया, जगदीश नौकारीया और धनंजय बारोकर ने मिलकर गहाण रखा था। उक्त जमीन को धरमपेठ महिला मल्टीस्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, स्वामी ऑर्केड, धरमपेठ में गिरवी रखकर तीन आरोपियों ने 40 लाख रुपये प्रत्येक के हिसाब से कुल 1.20 करोड़ रुपये का कर्ज लिया। अन्य आरोपियों ने जमानतदार के रूप में हस्ताक्षर किए। गंभीर बात यह है कि उक्त जमीन पर सोसायटी का बंधक दर्ज होने के बावजूद, बिना कोई 'नाहरकत प्रमाणपत्र' लिए, आरोपियों ने आर्थिक लाभ हेतु यह जमीन व्यंकटेश्वरराव कोणावतुला नामक व्यक्ति को बेचने का फर्जी नोटरी करारनामा किया। सोसायटी की ओर से प्रमोद नारायण गवई (50, नंदनवन कॉलोनी निवासी की शिकायत के आधार पर पुलिस उपनिरीक्षक भवाळ ने धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच की जारी है।

# संभागीय आयुक्त कार्यालय में एआई प्रशिक्षण

**नागपुर.**



कार्यालयीन कार्य को सुगम बनाने के उद्देश्य से आज विभागीय आयुक्त कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के उपयोग पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। एक्सेल, पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण, ई-मेल आदि पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा विभिन्न विभागों को दिए गए 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत विभागीय आयुक्त कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एआई के उपयोग पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। वीएनआईटी के प्रो. डॉ. पूनम शर्मा ने उपस्थित लोगों को प्रशिक्षण दिया। बैठक में विभागीय आयुक्तालय के राजस्व अपर आयुक्त राजेश खवले, सामान्य प्रशासन अपर आयुक्त तेजूसिंह पवार, विकास उपायुक्त कमल किशोर फुटाने, विकास स्थापना उपायुक्त विवेक इल्मे, प्रादेशिक जांच अधिकारी दीपाली मोतीयेले सहित विविध विभागों के प्रमुख व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान प्रो. डॉ. शर्मा ने उपलब्ध एआई टूल्स और सरकारी कार्यों में उनके प्रभावी उपयोग पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने एआई तकनीक के बारे में गहन जानकारी देते हुए इसके प्रयोग में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने एआई उपकरणों का उपयोग करके कार्यालय के काम में एक्सेल फाइलों, पावरपॉइंट प्रस्तुतियों, ईमेल, अनुवाद आदि का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के तरीके पर प्रदर्शन के साथ मार्गदर्शन प्रदान किया। राजस्व अतिरिक्त आयुक्त राजेश खवले ने परिचय में इस प्रशिक्षण के पीछे की भूमिका प्रस्तुत की, जबकि योजना उपायुक्त अनिल गोतमारे ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया।

## मई में विदर्भ में लू का प्रकोप, तापमान होगा 40 डिग्री पार

**नागपुर.**



मई के महीने में नागपुर सहित विदर्भ में सूरज देवता अपना प्रकोप दिखा रहे हैं। प्रदेश के सभी 11 जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना हुआ है। मंगलवार को 44.1 डिग्री सेल्सियस के साथ अकोला सबसे गर्म जिला रहा। वहीं उपराजधानी नागपुर का तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में विदर्भ में जोरदार गर्मी पढ़ने की चेतवानी जारी की है।

विदर्भ की पहचान गर्मियों के लिए होती है। मई, जून में प्रदेश पर सूरज देवता की असीम कृपा रहती है, जिसके कारण जिलों का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के ऊपर तक चला जाता है। हालांकि, इस बार पिछले सालों की तुलना में ज्यादा गर्मी पड़ने की बात मौसम विभाग द्वारा की गई है। अप्रैल महीने की शुरुआत से ही नागपुर सहित विदर्भ के तमाम जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर बना हुआ है।

मंगलवार को मौसम विभाग द्वारा जारी आकड़ो के अनुसार, अकोला 44.1 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म जिला रहा। इसी के साथ अमरावती 43, चद्रपुर 42.6, वाशिम 42, यवतमाल 41.1 डिग्री सेल्सियस रहा। उपराजधानी नागपुर में सोमवार के मुकाबले मंगलवार को तापमान में कमी आई। कल जहां शहर का तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं आज 1.6 डिग्री सेल्सियस गिरकर 40.8 डिग्री दर्ज हुआ। गडचिरोली, वर्धा, गोंदिया जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग ने विदर्भ के अंदर इसी हफ्ते तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के ऊपर जाने की भविष्यवाणी की है।




88888 86930 | 77220 24512 | domestic@btpyatra.com | www.btpyatra.com


CMYK

# महंगाई की चौतरफा मार से नागरिक हैरान: पदम पाटिल डेहनकर

> रसोई से लेकर जेब तक बिगड़ा बजट

**कोंढाली.**



होली के बाद से जिस तरह से महंगाई ने रफ्तार पकड़ी है, उसने आम आदमी की कमर तोड़कर रख दी है। पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के बाद अब रसोई गैस, दूध, खाद्य तेल, दवाइयां, अनाज और सब्जियों की कीमतों में भी बेतहाशा बढ़ोतरी देखी जा रही है। इससे न सिर्फ रसोई का बजट बिगड़ा है, बल्कि नागरिकों की जेब पर भी भारी असर पड़ा है।

ग्रामीण अंचल के किसान और पूर्व सरपंच पदम पाटील डेहणकर ने बताया कि अब महंगाई केवल कहावत नहीं, बल्कि हर घर की सच्चाई बन गई है। रोजमर्रा की जरूरतों के सामान जैसे आटा, तेल, सब्जियाँ, लोहा, सीमेंट आदि के दामों में हो रही बढ़ोतरी से आम नागरिक बेहद परेशान है।

राज्य में सत्ताधारी और विपक्षी पार्टियाँ एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने और ईडी, सीबीआई, एनसीबी जैसी एजेंसियों की कार्रवाईयों को लेकर भिड़ी हुई हैं, लेकिन महंगाई जैसे गंभीर मुद्दे पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। इससे जनता सरकार की नीतियों पर सवाल उठा रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि तीन राज्यों में चुनाव समाप्त होते ही सरकार ने रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ाकर देश का राजस्व बढ़ाने की कवायद तेज कर दी है। मंगलवार को सरकार ने पेट्रोल-डीजल के साथ-साथ घरेलू गैस सिलेंडर के दाम भी बढ़ा दिए, जिससे आम नागरिकों का बजट और ज्यादा बिगड़ गया है। गृहिणी और पूर्व सरपंच सलमा पठाण ने कहा, "रसोई चलाना अब मुश्किल हो गया है। उज्ज्वला योजना सिर्फ दिखावा बनकर रह गई है। महंगाई के मामले में सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की चुप्पी आम जनता के साथ अन्याय है।" निजी वाहन चालक दिनेश बोंदरे ने भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पर भारी असर पड़ा है। वहीं, खाद्य तेल और रसोई गैस के बढ़े दामों ने आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है।

प्रकाश वसु पाटिल, मोहनराव पाटील झठवले, अतुल ठाकरे, याकुब पठाण, प्रज्वल धोटे, संजय गायकवाड, चंद्रशेखर चरडे, परिमल हिंगणकर सहित कई स्थानीय नागरिकों और गृहिणियों ने सरकार से महंगाई पर नियंत्रण लाने की अपील की है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर डॉ. राजेश नाईक ने किया 91वां रक्तदान



**नागपुर.**

"मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है" — इस प्रेरणादायी विचार को आत्मसात करते हुए प्रा. डॉ. राजेश नाईक ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के पावन अवसर पर अपना 91वां रक्तदान शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय एवं अतीव विशेष उपचार (सुपर स्पेशियलिटी) अस्पताल, नागपुर की रक्तपेढ़ी में किया।

इस विशेष अवसर पर रक्त संक्रमण अधिकारी डॉ. सागर गवई, डॉ. अजयजी डोंगरे, स्टाफ नर्स प्रफुल्ल सोनटक्के, प्रयोगशाला तकनीशियन सौ. चेतना जिवतोडे, अधीपरिचारिका शालिनी थुल, राजू अप्परवार, ज्योतीताई मधुमटके, अंकित रामटेके समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रा. डॉ. राजेश नाईक भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की विशेषज्ञ समूह समिति के सदस्य, महाराष्ट्र राज्य रक्त संक्रमण परिषद के सदस्य, डागा स्मृति शासकीय स्त्री अस्पताल, गांधीबाग, नागपुर की नियामक तथा कार्यकारी समिति के सदस्य, माननीय जिलाधिकारी नागपुर के प्रतिनिधि, नागपुर शहर केंद्रीय पुलिस शांति समिति के सदस्य, अखिल भारतीय मराठी नाट्य परिषद (नागपुर शाखा) के कार्यकारिणी सदस्य तथा श्री मयुरेश जीवनविकास परिवार संस्था के अध्यक्ष हैं। इस प्रेरणादायी योगदान के उपलक्ष्य में मयुरेश जीवनविकास परिवार संस्था द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह में मान्यवरों के करकमलों से डॉ. राजेश नाईक को रक्तदाता कार्ड, प्रमाणपत्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

डॉ. नाईक का यह सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है और रक्तदान के महत्व को उजागर करता है।

# हनुमान जन्मोत्सव की भव्य शुरुआत

## श्री टेकड़ी रोड हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ से आरंभ

> 12 अप्रैल को होगा महामहोत्सव, लाखों भक्तों के लिए महाप्रसाद का आयोजन

**नागपुर गवलीपुरा,**






सीताबर्डी स्थित श्री टेकड़ी रोड हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है। मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस 6 दिवसीय धार्मिक आयोजन की शुरुआत 7 अप्रैल सोमवार को श्री अखंड रामायण पाठ से हुई।

यह पाठ टेम्पल बाजार दुर्गा माता मंदिर, रामायण मंडल द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत 8 अप्रैल को रामायण पाठ का विराम, हवन, रुद्राभिषेक, आरती, छप्पन भोग व भजन-कीर्तन का आयोजन श्री गुरु दाऊ भजन मंडल यादव समाज द्वारा किया जाएगा। 9 अप्रैल को दोपहर 4:15 बजे महिला भजन लोहापुल माता मंदिर महिला मंडल द्वारा तथा रात 9:15 बजे सुंदरकांड पाठ श्री पुष्करणा रामायण मंडल द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

10 अप्रैल को दोपहर 2:15 बजे महिला भजन श्री थाडेश्वरी राम मंदिर महिला मंडल द्वारा व रात्रि 7:15 बजे से भजन संध्या एवं जागरण का आयोजन श्याम भजन मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध जस गायक संदीप करोसिया प्रस्तुति देंगे। 11 अप्रैल को भजन संध्या का आयोजन होगा, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर देगा। मुख्य आयोजन दिवस 12 अप्रैल, शनिवार को श्री हनुमान जन्म महोत्सव के शुभ अवसर पर प्रातः 5:15 बजे महाअभिषेक और प्रातः 11:15 बजे महाआरती के पश्चात भव्य महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर लाखों श्रद्धालु भक्त महाप्रसाद ग्रहण करेंगे।

मंदिर समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से इस भव्य धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# नागपुर शहर में बढ़ रही हैं आग लगने की घटनाएं

> वाठोड़ा व पारडी फायर स्टेशन पड़े हैं बंद

**नागपुर.**

महानगरपालिका के वाठोड़ा और पारडी में नवनिर्मित फायर स्टेशन अब बंद स्थिति में आ गए हैं। दोनों फायर स्टेशन कुछ माह पहले ही शुरू हुए हैं, लेकिन मनपा अग्निशमन विभाग के पास फायरमैन समेत अन्य कर्मचारी नियुक्त नहीं हो पाए हैं। दोनों फायर स्टेशन आरंभ होने के बाद से ही एकमात्र स्टेशन अधिकारी के भरोसे चल रहे हैं। बड़ी आबादी को आगजनी समेत अन्य आपदा से बचाने के लिए तैनात फायर स्टेशन ही अब आपदा का सामना कर रहे है। दोनों स्टेशनों के क्षेत्र में आपदा की स्थिति में कलमना, लकड़गंज, सक्करदरा और नरेन्द्रनगर स्टेशनों से सहायता ली जाती है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों को देखते हुए नए अग्निशमन स्टेशन खोल दिए गए, लेकिन संचालन के लिए ड्राइवर अथवा फायरमैन मुहैया नहीं कराए गए हैं। ऐसे में अब दोनों स्टेशन एक-एक अधिकारी के भरोसे नाम के लिए संचालित हो रहे हैं।

मनपा के मुख्यालय स्थित सिविल लाइंस फायर स्टेशन में सबसे अधिक 36 कर्मचारी मौजूद हैं, जबकि लकड़गंज में 29 और कॉटन मार्केट में 18 कर्मचारी हैं। वहीं दूसरी ओर त्रिमूर्ति नगर, सक्करदरा और पांचपावली समेत छह फायर स्टेशनों में 13 से 14 कर्मचारी कार्यरत हैं। शहर की बढ़ती आबादी को देखते हुए प्रत्येक इलाके में जल्द पहुंच वाली आपदा प्रबंधन की सेवा को उपलब्ध कराने का मनपा से दावा होता है, लेकिन वास्तविकता में हालात बेहद दयनीय बने हुए हैं। पारडी क्षेत्र अंतर्गत 25 मार्च को भंडारा रोड पर बारदाना के गोदाम में और 5 अप्रैल को लकड़ी की सामग्री निर्माण के कारखाने में भीषण आग लगी। दोनों ही स्थिति में मनपा के सभी फायर स्टेशनों के अलावा अन्य स्थानों से दमकल वाहनों को बुलाना पड़ा था। वाठोड़ा क्षेत्र अंतर्गत भांडेवाड़ी का डंपिंग यार्ड और स्वामीनारायण मंदिर समेत कलमना का इंडस्ट्रीयल इलाका, आरा मशीन कारखानों की बहुतायात है। ऐसे में इन स्टेशनों पर पर्याप्त कर्मचारी और संसाधनों की आवश्यकता होती है, लेकिन आश्चर्य यह है कि दोनो ही स्थानों पर एक-एक अधिकारी के भरोसे संचालन हो रहा है। मनपा के अग्निशमन विभाग पर शहर की करीब 35 लाख आबादी की आगजनी समेत अन्य आपदा से सुरक्षा की जिम्मेदारी है। इतना ही नहीं 35 मीटर लैंडर, फोम वाहन समेत अन्य व्यवस्था होने के चलते शहर के अलावा बाहरी हिस्सों में भी आपदा प्रबंधन के लिए मनपा की सहायता ली जाती है।

# रामनवमी पर्व आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न

**नागपुर.**



बेसा-पिपला रोड स्थित सेंट पल्लोटी स्कूल के पीछे, गोल्डन एव्हन्यू होम्स लेआउट प्रांगण में सार्वजनिक अंजनीपुत्र श्री हनुमान धाम मंदिर में रामनवमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

दोपहर 12 बजे की तीव्र धूप के बावजूद भी छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएं और सभी भक्तगण बड़ी श्रद्धा के साथ मंदिर में उपस्थित रहे और रामजन्म का उत्सव भव्य आरती के साथ मनाया। पूरे वातावरण में रामभक्ति की गूंज और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार देखने को मिला। संध्या काल में 'सुमित इवेंट मैनेजमेंट कंपनी' की ओर से विशेष आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था और आपूर्ति की जिम्मेदारी सुधीर महाजन, सचिन पिंपलापुरे, गिरीश गिधवानी, हरीश कन्ना, राम लाभे, विशाल बानाईत, सजल कुडावले, शर्मा, रमन कुथे, ओमकार रहदावे और उनके सहयोगियों ने कुशलतापूर्वक निभाई।

रामनवमी के इस पावन अवसर पर समाज के सभी वर्गों के भक्तगणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति, प्रेम और आनंद का वातावरण बना रहा।

## वाल्मीकि महासभा ने निकाली महर्षि वाल्मीकि की झांकी

**कामठी.** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के तत्वधान में पोदारेश्वर राम मंदिर नागपुर से त्रिकालदर्शी भगवान वाल्मीकि शिष्य लव कुश द्वारा राम दरबार में रामकथा सुनाते हुवे झांकी निकाली गई। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वाल्मीकि महासभा की ओर से झांकी निकाली गई। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा आयटी सेल मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय संयोजक दिनेश बिल्लरवान ने बताया कि झांकी का नेतृत्व अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रवि करोसिया और उपाध्यक्ष रिंकू चौहान ने किया।

# सम्राट अशोक की जयंती को 'राष्ट्रीय पर्व' घोषित करने की मांग

> भारतीय परिवर्तनवादी संघ का प्रस्ताव पारित

**सावनेर.**



भारतीय परिवर्तनवादी संघ - राष्ट्रीय जनजागरण मिशन की ओर से सावनेर नगर के राम गणेश गडकरी सभागृह में आयोजित राष्ट्रीय वार्षिक आम बैठक में भारत के महान सम्राट अशोक मौर्य की जयंती "अशोकाष्टमी" को राष्ट्रीय पर्व घोषित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

इस प्रस्ताव की एक प्रति भारत सरकार के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है। संगठन का मानना है कि सम्राट अशोक जैसे भारत के भाग्यविधाता और मानवता के प्रतीक महापुरुष की जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाना चाहिए, जिससे देशभर में उनके महान विचारों और आदर्शों का प्रसार हो सके।

भारतीय परिवर्तनवादी संघ (बी.पी.एस.) ने इस वर्ष अपनी स्थापना के तीन सफल वर्ष पूरे कर लिए हैं। संगठन ने इन वर्षों में सैकड़ों जनकल्याणकारी परियोजनाएं संचालित की हैं। संगठन के राष्ट्रीय सेवकों एवं प्रचारकों ने सम्राट अशोक की विजयादशमी पर लिए गए संकल्प को ईमानदारी से निभाते हुए समाज में जनजागरण का कार्य किया है। आने वाले समय में बी.पी.एस. का लक्ष्य गरीब, शोषित और वंचित वर्गों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उत्थान में अपना योगदान देना है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संयोजक एवं मुख्य प्रचारक बी.ए. मयूर नागदावने ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए "राष्ट्र धर्म पथ" की नीति का अनुसरण आवश्यक है।

इस आमसभा में प्रमुख रूप से सहायक आयुक्त, सामाजिक न्याय विभाग सहित परिवर्तनकारी विचारक सिद्धार्थ गायकवाड़, वरिष्ठ प्रबुद्धजन विलास नखाटे, गुजाजी बर्डे, नीलकंठ यावलकर, आचार्य सुधाकर चौधरी समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पूर्व जिला परिषद सदस्य बैजनाथ डोंगरे, संजय दहत, सचिन अठावले, दिनेश इंगोले, भगवान चांदेकर, उत्तमजी बलवीर, संदीपजी गोंडूले, रोशन राउत सहित अन्य प्रमुख चेहरे कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन माननीय प्रतापजी साल्वे ने किया। आयोजन को सफल बनाने में राष्ट्र सेवक गणपति पठाने, सुभाष गजभिये, धनेश्वर ढोके, विनोद नास्कोल, सूरज निकोसे, विकास मेश्राम, मनोज कुमार बागड़े, दादाराव लांजेवार, राहुल राऊत, शांताराम ढोके, अनिल ढोके, गौतम पाटिल, संगीता ढोके और ज्योति सोनटक्के ने विशेष योगदान दिया। संगठन की यह पहल सम्राट अशोक के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

# पड़ोसी युवक ने महिला के साथ की जबरदस्ती, धमकी देकर बनाया संबंध

**वाडी.**

वाडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गधामणा परिसर में एक 37 वर्षीय महिला के साथ उसके ही पड़ोसी युवक द्वारा जबरदस्ती संबंध बनाने, अश्लील हरकतें करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है।

वाडी पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी सुरज प्रकाश अवसरे (32) को गिरफ्तार कर लिया है। वाडी थाने के पुलिस निरीक्षक राजेश तटकरे ने जानकारी दी कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2), 115(2), 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक भागवत कलिंगे कर रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता और आरोपी एक ही परिसर में रहते हैं और पूर्व से जान-पहचान थी। 25 मार्च 2025 को होली (धुलीवंदन) के दिन, जब पीड़िता का पति और बच्चे घर पर नहीं थे, तब आरोपी शराब के नशे में पीड़िता के घर में घुस गया। रंग लगाने के बहाने उसके चेहरे पर रंग लगाया और जबरन उसके होठों पर किस करके काट लिया। अगले दिन आरोपी ने महिला को रास्ते में रोककर अपनी हरकत के लिए माफी मांगी।

लेकिन करीब दो महीने बाद उसने फिर एक बार महिला को अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर आरोपी ने धमकी दी कि यदि उसने सहयोग नहीं किया तो वह उनके 'संबंधों' की जानकारी उसके पति को दे देगा।

इसके बाद आरोपी ने कई बार महिला के साथ जबरदस्ती की और किसी को कुछ बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।

**7 अप्रैल को दर्ज कराई शिकायत :** घटना से आहत महिला ने आखिरकार 7 अप्रैल को वाडी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

# महाबोधी महाविहार की मुक्ति के लिए निकला विशाल महामोर्चा

## बौद्ध अनुयायियों ने प्रबंधन अधिनियम में संशोधन की उठाई मांग

**खापरखेड़ा.**



बोधगया स्थित महाबोधी महाविहार की मुक्ति के लिए देशभर में चल रहे आंदोलन को समर्थन देने हेतु खापरखेड़ा में एक भव्य और विशाल महामोर्चा का आयोजन किया गया। यह महामोर्चा भारतीय बौद्ध महासभा और समता सैनिक दल के संयुक्त तत्वावधान में भंते नागवंश महाथेरो के नेतृत्व में निकाला गया।

इस मोर्चे का मुख्य उद्देश्य महाबोधी महाविहार के प्रबंधन को लेकर वर्ष 1949 के प्रबंधन अधिनियम में संशोधन की मांग करना था, ताकि यह ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल पूर्ण रूप से बौद्ध समुदाय के नियंत्रण में आ सके। बौद्ध अनुयायियों ने इस मांग को लेकर एकजुटता दिखाई और शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया। इस आंदोलन में भंते धम्मशील, भंते पंडीतानंद, भंते विनयशील, समता सैनिक दल के दादाराव तागडे, भारतीय बौद्ध महासभा के मनोहर डोंगरे, कृष्णा नानवटकर, रवि ढोके, मुकेश वासनिक, आस्तिक बागडे, सुधाकर भीमगडे, सदानंद नारनवरे, सुरेंद्र वाहाने सहित सैकड़ों उपासक और उपासिकाएं सम्मिलित हुईं।

महामोर्चा को सफल बनाने में यश देशभ्रतार, प्रकाश लांजेवार, पृथ्वीराज बागडे, रामराव मेश्राम, राजेंद्र मेश्राम, कलमेश साहारे, रविंद्र पाटील, अशोक वासनिक, राजेंद्र लोखंडे, मिनाक्षी तागडे, राहुलजी बागडे, आस्तिक बागडे आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आंदोलन न केवल बौद्ध अनुयायियों की धार्मिक भावना का प्रतीक है, बल्कि उनके संघर्ष और एकजुटता को भी दर्शाता है। बौद्ध समुदाय अपने धार्मिक अधिकारों की रक्षा और महाबोधी महाविहार की पूर्ण मुक्ति हेतु प्रतिबद्ध दिखाई दे रहा है।

# 60-60 दिन के लिए बंद रहेंगे नागपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म

**नागपुर.**

नागपुर रेलवे स्टेशन पर निर्भर रहने वाले यात्रियों को वर्तमान में स्टेशन के विकास कार्य के चलते काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आने वाले कुछ दिनों में यह परेशानी और भी बढ़ने वाली है। इसका मुख्य कारण स्टेशन पर होने वाले कॉनकोर्स का निर्माण है। इसके चलते एक-एक कर सभी 7 प्लेटफार्म को बारी-बारी से 60-60 दिन के लिए बंद किया जाने वाला है। इस दौरान गाड़ियों को दूसरे प्लेटफार्म से शिफ्ट कर चलाया जाएगा। हालांकि इस योजना पर अमल के लिए रेलवे बोर्ड से हरी झंडी मिलने का इंतजार है।

पुनर्विकास हो रहा है शहर का नागपुर व अजनी रेलवे स्टेशन यात्रियों के लिए अहम है। यहीं से दिल्ली, मुंबई व हावड़ा की ओर यात्री आना-जाना करते हैं। दोनों स्टेशनों के पुनर्विकास का काम हो रहा है। अजनी का काम वर्ष 2026 के मई महीने तक और नागपुर स्टेशन का काम इसी साल के दिसंबर महीने तक पूरा किया जाना है।

केवल नागपुर रेलवे स्टेशन की बात करें तो इसे वर्ल्ड क्लास स्टेशन की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। यहां कुल 8 प्लेटफार्म हैं। इनमें से 7 प्लेटफार्म के ऊपर कॉनकोर्स का निर्माण किया जाने वाला है, जिसमें यात्री सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इनमें प्रतीक्षालय, खान-पान की दुकानें, रोजमर्रा लगने वाली चीजों के शॉप आदि होंगे। इस काम को पूरा करना रेलवे के लिए एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि नागपुर स्टेशन मध्य रेलवे का एक व्यस्त स्टेशन है। प्रति दिन एक सौ से ज्यादा यात्री गाड़ियों का आवागमन होता है। ढाई सौ की संख्या में यहां से मालगाड़ियां चलाई जाती हैं। ऐसे में स्टेशन पर कॉनकोर्स बनाना मुश्किल है। इसे साकार करने के लिए प्लेटफार्म को बंद रखा जाना जरूरी है। इसके लिए रेलवे बोर्ड से अनुमति मांगी गई है। नागपुर स्टेशन का सबसे व्यस्त प्लेटफार्म नंबर एक व दो हैं। एक नंबर पर दिल्ली की ओर जाने वाली और 2 नंबर पर इटारसी से आने वाली गाड़ियां रोकी जाती हैं। आना-जाना दिन भर चलता रहता है। ऐसे में इन दो प्लेटफार्म को बंद करना रेलवे के लिए बड़ी चुनौती रहेगी। अजनी नागपुर का उप-स्टेशन कहा जाता है। इस स्टेशन पर ज्यादा नहीं, लेकिन कुछ गाड़ियों को रोकने से यात्रियों को नागपुर स्टेशन पर आने की जरूरत नहीं पड़ती है। कुछ समय पहले इसी तरह के विकास कार्य के चलते इस स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर 2 व 3 बंद किया था। कुल 90 दिन यात्रियों को इस स्टेशन पर आने की अनुमति नहीं थी।

नागपुर स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर कॉनकोर्स का निर्माण किया जाने वाला है, जिसके लिए 60-60 दिन तक इन्हें बारी-बारी से बंद रखा जाएगा। फिलहाल रेलवे बोर्ड से अनुमति नहीं मिली है। अनुमति मिलते ही अमल किया जाएगा। -अमन मित्तल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मध्य रेलवे नागपुर

## मनुवादी मानसिकता का विरोध: रामदास तडस को राम दर्शन से रोका जाना निंदनीय: राजेंद्र शर्मा

**वर्धा.**

रामनवमी के दिन पूर्व सांसद और ओबीसी समाज के वरिष्ठ नेता रामदास तडस को प्रभु श्रीराम के दर्शन करने से रोका गया, जिसे वर्धा शहर कांग्रेस समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे मनुवादी मानसिकता की एक और शर्मनाक मिसाल बताया। राजेंद्र शर्मा ने कहा कि रामदास तडस ओबीसी समाज से आते हैं और वर्षों से जनता का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे समाज में गहराई से जुड़े हुए हैं और ओबीसी समुदाय की आवाज हैं। प्रभु श्रीराम के जीवन में ओबीसी समाज का योगदान ऐतिहासिक रहा है-केवट की नाव, शबरी के झूठे बेर, और राम-रावण युद्ध में सुग्रीव, हनुमान और जांबवंत जैसे सहयोगियों की भूमिका इसका प्रमाण है। श्रीराम की पूजा से ऐसे जनप्रतिनिधि को रोकना न केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे ओबीसी समाज का अपमान है। राजेंद्र शर्मा ने कहा कि भले ही रामदास तडस भाजपा से संबंधित हैं और वे स्वयं कांग्रेस विचारधारा से प्रेरित हैं, लेकिन इस प्रकार की संकीर्ण मानसिकता और धार्मिक स्थानों में भेदभाव को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि मंदिर जैसे पवित्र स्थानों पर सभी के साथ समानता और सम्मान का व्यवहार होना चाहिए। धर्मस्थल किसी वर्ग विशेष की बपौती नहीं हैं। उन्होंने इस घटना की कठोर निंदा करते हुए कहा कि हर हाल में मानवीय मूल्यों का सम्मान किया जाना चाहिए। राजेंद्र शर्मा ने मंदिर प्रशासन और पुजारी की इस सोच को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और समाज से ऐसी मानसिकता के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की।

# रामदास तडस से मंदिर समिति ने मांगी माफ़ी

### दोबारा ऐसा नहीं होने की कही बात

**वर्धा.**

देवली में राम मंदिर देवस्थान समिति द्वारा पूर्व सांसद रामदास तडस को मंदिर में प्रवेश नहीं दिये जाने के हर तरफ निंदा की जारही थी। वहीं मामले के तूल पकड़ने के बाद मंदिर प्रशासन ने पूर्व सांसद ने माफ़ी मांग ली है और भविष्य में ऐसा दोबारा नहीं करने की बात कही। वहीं तडस ने भी माफ़ी को स्वीकार कर मामले को समाप्त करने की बात कही। रामनवमी के अवसर पर पूर्व भाजपा सांसद रामदास तड़स अपनी पत्नी शोभाताई के साथ इस मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। लेकिन उन्हें बताया गया कि उन्हें गुफा में प्रवेश की अनुमति नहीं है, क्योंकि उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं है। चूंकि उस दिन भाजपा का स्थापना दिवस था, इसलिए रामदास तड़स, जो मंदिर में अच्छी शुरुआत करने गए थे, को अपमानित होकर वापस लौटना पड़ा। यह बात आम रामभक्तों की जुबान पर थी। देश-विदेश से आलोचना के कारण राम मंदिर के आसपास पुलिस सुरक्षा तैनात कर दी गई थी। तनाव को देखते हुए राम मंदिर ट्रस्टी समिति ने बैठक की। समिति ने स्थानीय भाजपा नेता राहुल चोपड़ा को बुलाया और उनसे मिलकर माफी मांगने की बात कही। शाम को रामदास तड़स स्टेडियम में तड़स को वापस भेजने वाले पुजारी, देवस्थान समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश आचार्य, ट्रस्टी एवं मुख्य पुजारी मुकुंद चौरीकर व अन्य मौजूद थे। ट्रस्टियों ने शुरू से ही स्वीकार किया कि वे गलत थे। हमने भक्तों और रामदास तड़स की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इसके लिए मुझे क्षमा करें। रामदास तड़स के कार्यालय ने कहा कि उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा।

### रामदास तड़स ने क्या कहा?

❍ रामदास तड़स कहते हैं कि रामनवमी पर ट्रस्टियों ने मुझे जो अनुभव दिया, उससे मेरा दिल टूट गया। मेरा दिन ख़राब था. आज मंदिर के ट्रस्टी स्वयं आये। मुझसे और मेरे परिवार से माफ़ी मांगी. मैं अब क्रोधित नहीं हूं। क्षमा हिंदू संस्कृति है. मैं उसके पीछे चला गया. दूसरी ओर, स्थानीय भाजपा विधायक राजेश बकाने ने इस समिति की सभी गतिविधियों की सरकारी जांच की मांग की है।



# सेंट थॉमस इंग्लिश स्कूल में स्नेहमिलन समारोह संपन्न

### शिक्षा और संस्कार जीवन के आधार स्तंभ हैं: राममोहन सिंह तोमर

**बोरगांव.**




सेंट थॉमस इंग्लिश स्कूल, बोरगांव (मेघे) द्वारा सत्तेश्वर हॉल में स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तम गलवा मेटालिक कंपनी के पूर्व कार्यकारी निदेशक कुंवर राममोहन सिंह तोमर ने समारोह का उद्घाटन करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक और शिक्षा ने जहां नए अवसरों के द्वार खोले हैं, वहीं नैतिक मूल्यों में गिरावट भी आई है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से गलत जानकारी का प्रसार, साइबर अपराध और पर्यावरण को हो रहा नुकसान आज की गंभीर समस्याएं हैं, जिनका समाधान शिक्षा और संस्कृति के समन्वय से ही संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय शास्त्री सोशल फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इमरान राही ने की। मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल की प्राचार्या प्रीति सत्यम, पूर्व लायंस क्लब अध्यक्ष विजय सत्यम, इंदौर के उद्योगपति अमित अग्रवाल, आदर्श शिक्षक मोहन मोहिते, सेंसई मंगेश भोंगाड़े और उप प्राचार्या वर्षा देशपांडे उपस्थित थे। अपने विचार व्यक्त करते हुए इमरान राही ने कहा कि शिक्षा और संस्कृति मानव जीवन के दो अभिन्न स्तंभ हैं। शिक्षा जहां ज्ञान और कौशल देती है, वहीं संस्कृति चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों की नींव रखती है।

दोनों का समन्वय ही एक सशक्त और संस्कारित समाज का निर्माण कर सकता है। इस अवसर पर मोहन मोहिते और अमित अग्रवाल ने भी अपने विचार साझा किए और नैतिक शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का परिचय प्राचार्य प्रीति सत्यम और निदेशक श्रद्धा संत ने दिया, जबकि आभार प्रदर्शन उप प्राचार्या वर्षा देशपांडे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीप जोशी, संदीप साखरकर, प्रतीक्षा चव्हाण, अपर्णा डफले, मयूरी चव्हाण, रिजवाना शेख, सुरेश दीक्षित और अश्विनी गुरनुले सहित पूरे स्कूल स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## मुकुटबन वन परिक्षेत्र में लकवाग्रस्त बाघिन की इलाज के दौरान निधन



**यवतमाल.** जिले के मुकुटबन वन परिक्षेत्र के भेंडाला आरक्षित वन क्षेत्र (कक्ष क्रमांक 20बी) सावली पौधशाला में एक बाघिन लकवाग्रस्त अवस्था में पाई गई थी। वन विभाग को सूचना मिलते ही ताडोबा अंधारी बाघ परियोजना की त्वरित बचाव टीम को बुलाया गया और बाघिन का प्राथमिक उपचार किया गया। हालांकि, उपचार के बावजूद बाघिन को नहीं बचाया जा सका और उसकी मृत्यु हो गई। बाघिन के मिलने की सूचना पर ताडोबा अंधारी बाघ परियोजना की त्वरित बचाव टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम के प्रमुख पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविकांत खोब्रागडे के निर्देशन में बाघिन को बेहोश करने के लिए एक डार्ट तैयार किया गया। अजय मराठे (निशानेबाज) ने शाम 8:29 बजे बाघिन के बाएं कंधे पर सटीक निशाना साधकर डार्ट मारा। बाघिन अत्यंत कमजोर थी और उसे लकवा होने की आशंका जताई गई। वन विभाग ने उसे तुरंत गोरेवाड़ा वन्यजीव बचाव केंद्र, नागपुर में स्थानांतरित किया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

## कार दुर्घटना में पति-पत्नी सहित 2 बच्चों की मौत

**वर्धा.**

वर्धा तहसील के तरोदा में बड़ा हादसा हो गया। जहां जंगली सुआर को बचाने के चक्कर में कार सामने से आरहे टैंकर से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार पति-पत्नी सहित दो बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रशांत वैद्य, पत्नी प्रियंका वैद्य, बेटा प्रियांश (6) और बेटी माही (3) शामिल है। मृतक प्रशांत महाराष्ट्र पुलिस में कॉन्स्टेबल पद पर कार्यरत थे, फ़िलहाल उनकी तैनाती वडनेरा पुलिस स्टेशन में थी। यह हादसा सोमवार रात 11 बजे हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वैद्य अपने परिवार के साथ मंडगांव स्थित श्री राम मंदिर में उत्सव और महाप्रसाद कार्यक्रम में आए थे। महाप्रसाद कार्यक्रम समाप्त करने के बाद वे अपनी स्विफ्ट गाड़ी क्रमांक एमएच 40-3603 से लौट रहे थे। वर्धा के निकट पहुंचते ही मांडगांव के पास सड़क के बीच में एक जंगली सूअर कार के सामने आ गया। इसे बचाने की कोशिश की. तभी कार विपरीत दिशा से आ रहे एक टैंकर से टकरा गई। पत्नी और बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण दौड़कर आ गए। उन्होंने पुलिस विभाग को सूचित किया और एम्बुलेंस बुलाई। उसे तुरंत अस्पताल भेजा गया। वहीं प्रशांत मधुकर वैद्य और उनकी बेटी को पहले सेवाग्राम के कस्तूरबा अस्पताल में भर्ती कराया गया,हालांकि, हालत गंभीर होने के बाद दोनों को इलाज के लिए नागपुर रेफर किया गया। लेकिन आज सुबह इलाज के दौरान वैध और बच्ची की मौत हो गई। प्रशांत वैद्य अपने परिवार के साथ वर्धा के प्रताप नगर इलाके के निवासी थे। हादसे में पूरा परिवार समाप्त होने के कारण हर जगह शोक और दुख व्यक्त किया जा रहा है। दुर्घटनाग्रस्त कार की स्थिति सामने से देखने पर स्पष्ट हो रही है। सोमवार रात को हुई दुर्घटना का दृश्य भयावह है। दुर्घटना का कारण बनने वाला जंगली सूअर भी वहीं कुचलकर मर गया।

# राष्ट्रीय युवा संसद का महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में भव्य आयोजन

### अच्छे भविष्य के लिए युवा नेतृत्व अनिवार्य: सांसद अमर काले

### नेतृत्व कौशल विकसित भारत की नींव: प्रो. कुमुद शर्मा

**वर्धा.**



महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति युवाओं में जागरूकता लाना और उन्हें नेतृत्व कौशल से सुसज्जित करना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि युवा संसद जैसे आयोजन युवाओं को संवाद, संभाषण व नेतृत्व कौशल के विकास का मंच प्रदान करते हैं और इससे वे देश की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अमर काळे ने कहा कि देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवा नेतृत्व आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि युवा संसद के माध्यम से युवाओं को संसदीय कार्यप्रणाली की जानकारी मिलती है, जिससे वे लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक गहराई से समझते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी युवाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं हर महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से आयोजित होनी चाहिए, ताकि देश को सशक्त नेतृत्व मिल सके। इस अवसर पर शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर के डॉ. प्रल्हाद माने एवं वसंतराव नाईक कला एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, नागपुर के प्रो. राहुल बावगे ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पवन उपाध्याय, वेदिका मिश्रा, स्नेहा राज, आशीष रंजन, देवव्रत दुबे, विवेक, सभापति रागिनी, महासचिव हर्ष गुप्ता, अनन्या गोंड, युगांक व आरती को सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को स्वर्ण पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कस्तूरबा सभागार में आयोजित इस युवा संसद में 55 विद्यार्थियों ने 55 मिनट तक विभिन्न सरकारी योजनाओं पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। शून्यकाल, शपथ ग्रहण, शोक प्रस्ताव जैसे संसद के महत्वपूर्ण पहलुओं की भी अभिरूप प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, विपक्ष के नेता और अन्य मंत्रियों की भूमिकाएं निभाकर संसदीय प्रक्रिया को जीवंत किया।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बालाजी चिरडे ने स्वागत भाषण दिया। संचालन डॉ. सीमा बर्गट तथा आभार प्रदर्शन क्रमशः डॉ. हेमचंद्र ससाने और कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलगीत और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शोधार्थी व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राजनांदगांव-कलमना तीसरी रेल लाइन, 50 ट्रेनों को किया गया रद्द

**गोंदिया.** मुंबई हावड़ा रेलमार्ग पर राजनांदगांव- कलमना के बीच तीसरी रेल लाइन का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। गोंदिया स्टेशन इस खंड का एक महत्वपूर्ण एवं व्यस्त रेलवे लाइन है। इसके तहत गोंदिया स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य के कारण नागपुर मंडल से गुजरने वाली 50 ट्रेनों को अलग-अलग तिथियों पर रद्द कर दिया गया है। कुछ रेलगाड़ियों के मार्ग बदल दिए गए हैं। इसके अलावा कुछ ट्रेनों के स्टॉप भी बदले गए हैं।

गोंदिया-कटंगी-गोंदिया मेमू ट्रेन को 12 दिनों के लिए यानी 25 अप्रैल से 6 मई 2025 तक रद्द कर दिया गया है। रायपुर-इतवारी पैसेंजर ट्रेन 4 मई 2025 को रद्द रहेगी और रायपुर-इतवारी ट्रेन 5 मई तक रद्द कर दी गई है। इसी तरह गोंदिया इतवारी-गोंदिया पैसेंजर ट्रेन को भी 5 मई 2025 तक रद्द कर दिया गया है। साथ ही गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू ट्रेन 2 से 6 मई तक और झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू ट्रेन 3 से 7 मई तक भी रद्द कर दी गई है।

ट्रेन हावड़ा-ओखा एक्सप्रेस 6 मई को, ट्रेन (लोकमान्य तिलक टर्मिनल) एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस 4 मई को, ट्रेन अहमदाबाद-पुरी एक्सप्रेस 2 मई को, ट्रेन नंबर हावड़ा-सीएसएमटी मेल 2 से 4 मई के बीच और ट्रेन नंबर सीएसएमटी-हावड़ा मेल 4 से 6 मई के बीच रद्द कर दी गई है। साथ ही बिहार राज्य के बरौनी से 2 से 6 मई तक रवाना होने वाली बरौनी-गोंदिया ट्रेन तथा 3 से 7 मई तक गोंदिया-बरौनी ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। गोंदिया-रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस 6 मई, 2025 को और रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस 5 से 7 मई, 2025 तक रद्द कर दी गई है। 4 मई, 2025 को बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत और 5 मई, 2025 को नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत रद्द कर दिया गया है।

## गोंदिया जिला परिषद में 'महाघोटाला'

### एक दिन के जूडो और कराटे का प्रशिक्षण देने के वसूले 85 लाख रुपये




**गोंदिया.**

गोंदिया जिला परिषद के महिला एवं बाल विकास विभाग में 85 लाख रुपए का घोटाला होने की बात सामने आई है। अनुसूचित जाति की लड़कियों, महिलाओं और शिक्षकों से जूडो और कराटे प्रशिक्षण के नाम पर यह पैसे वसूले गए। सिर्फ एक दिन प्रशिक्षण देने के लिए 85 लाख रुपए वसूले गए हैं। अधिकारियों की मिलीभगत से तीन एनजीओ ने यह घोटाला किया है।

महाराष्ट्र सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, महिला एवं बाल विकास विभाग ने गोंदिया जिला परिषद की ओर से तीन गैर सरकारी संगठनों का चयन किया। ताकि प्रत्येक स्कूल में लड़कियों, महिलाओं और शिक्षकों को आत्मरक्षा के पाठ पढ़ाने के लिए जूडो और कराटे का प्रशिक्षण दिया जा सके। तीनों गैर सरकारी संगठनों को जिले में स्कूल दिए गए। एनजीओ को प्रत्येक स्कूल में जाकर 120 घंटे का प्रशिक्षण देना था। लेकिन वह केवल एक दिन के लिए ही स्कूल गये और छात्रों को प्रशिक्षण दिया और फिर सब बंद। सरकार की आंखों में धूल झोंकते हुए तीनों गैर सरकारी संगठनों ने तत्कालीन अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं की मदद से 8500 छात्रों को प्रशिक्षित देने की बात कहकर 85 लाख रुपये की राशि ले ली। इन एनजीओ ने प्रशिक्षण दिए बिना सरकार पर दोष मढ़कर गरीबों का शोषण करने का काम किया है। इस संबंध में कांग्रेस की ओर से भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। यह निविदा 2022-23 में आयोजित की गई थी। उनकी प्रशिक्षण अवधि 28 मार्च 2024 तक थी, लेकिन एनजीओ ने प्रशिक्षण दिए बिना ही बिल उठा लिया। हालांकि स्कूल प्रिंसिपल ने यह पत्र नहीं दिया कि उन्होंने 120 घंटे का प्रशिक्षण दिया है, फिर भी किस आधार पर अधिकारियों ने इस एनजीओ को पूरी राशि दे दी? अधिकारियों ने कहा है कि मामले की गहन जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## मेलघाट में चार और परतवाड़ा में एक नए पुलिस स्टेशन का प्रस्ताव




**अमरावती.** मेलघाट का भौगोलिक क्षेत्र बहुत बड़ा है। परिवहन के अभाव और सड़कों की खराब स्थिति के कारण मेलघाट के कई ग्रामीणों को पुलिस स्टेशन तक पहुंचने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को हल करने के लिए मेलघाट में चार नए पुलिस स्टेशन बनाए जाएंगे और परतवाड़ा शहर के आकार को देखते हुए यहां एक और पुलिस स्टेशन बनाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक विशाल आनंद ने कुल पांच नये थाने बनाने का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा है।

वर्तमान में मेलघाट में चिखलदरा और धारणी में केवल दो पुलिस स्टेशन हैं। वहीं, इन दोनों पुलिस थानों की सीमा के अंतर्गत आने वाले कुछ गांव थानों से 80 से 90 किलोमीटर दूर हैं। इस दूरी तथा संचार साधनों व सड़कों की कमी के कारण संबंधित ग्रामीणों को पुलिस थाने तक पहुंचने के लिए पूरा दिन यात्रा करनी पड़ती है। इन कठिनाइयों के कारण पुलिस सहायता मिलने में देरी होती है। ऐसे में ग्रामीणों की सुविधा के लिए उनके गांव से थोड़ी दूरी पर पुलिस थाना होना चाहिए और उन्हें तत्काल पुलिस सहायता मिलनी चाहिए। इस उद्देश्य से चिखलदरा पुलिस स्टेशन को काटकुंभ और टेंब्रुसोडा में विभाजित कर, धारणी पुलिस स्टेशन को हरिसाल और सुसरदा में विभाजित करके नए पुलिस स्टेशन प्रस्तावित किए गए हैं। यदि ये चार पुलिस स्टेशन नए स्थापित किए जाते हैं, तो मेलघाट में चिखलदरा और धारणी सहित छह पुलिस स्टेशन हो जाएंगे। वहीं, परतवाड़ा शहर के बढ़ते विस्तार को देखते हुए मौजूदा पुलिस थाने पर भी अत्यधिक बोझ पड़ रहा है।

## अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

### दुपहिया में लगी आग, एक की मौत, एक घायल

**अमरावती.** सावरडी के निकट रिलायंस पेट्रोल पंप के पास हाईवे से अपने गांव लौट रहे बाइक सवार दो लोगों को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान शिवनगांव फतेहपुर निवासी राहुल संजय दिवारे (26) और घायल की पहचान शिवनगांव फतेहपुर निवासी रोशन गजानन पांडे (25) के रूप में हुई है। घटना के बाद काफी देर तक यातायात बाधित रहा। राहुल और रोशन सोमवार रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर अमरावती से अपने गांव शिवनगांव फतेहपुर दोपहिया वाहन पर जा रहे थे। सावरडी में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास अचानक पीछे से तेज रफ्तार वाहन आया और उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में राहुल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और रोशन घायल हो गया। दुर्घटना के बाद उनकी बाइक में आग लग गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर नांदगांव पेठ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा कर घायल रोशन को तुरंत इलाज के लिए जिला सामान्य अस्पताल भेजा।

## म्हाडा कॉलोनी में फिर घुसे भालू, दो दिन पहले आया था तेंदुआ

**बुलढाणा.** गर्मियों की शुरुआत के साथ ही जंगली जानवर अब पानी और भोजन की तलाश में मानव बस्तियों की ओर बढ़ते नजर आने लगे हैं। बुलढाणा स्थित म्हाडा कॉलोनी में रात के समय एक बड़ा भालू घुस आया। नागरिकों के शोर मचाने और पटाखे फोड़ने के बाद भालू जंगल में वापस लौट गया। ज्ञान गंगा अभयारण्य बुलढाणा के आसपास स्थित है। इसमें कई जंगली जानवर रहते हैं। गर्मी के मौसम में इन जानवरों के भोजन और पानी की तलाश में शहर में आने की संभावना होती। कुछ दिन पहले इसी परिसर में एक तेंदुआ भी घुस आया था। इन खतरों को देखते हुए स्थानीय निवासियों द्वारा कॉलोनी में सुरक्षा दीवार का निर्माण पूरा किए जाने की मांग की जा रही है। वहीं, मुख्य रूप से म्हाडा कॉलोनी क्षेत्र के नागरिकों से सावधानी बरतने का आह्वान किया जा रहा है।



# राज्य में सबसे हॉट अकोला, 44.2 डिग्री दर्ज किया गया तापमान

**अकोला.**



बेमौसम बारिश और बादल छाए रहने के कारण अप्रैल की शुरुआत में अकोला के लोगों को गर्मी से जो राहत मिली थी, वह अब खत्म हो गई है। यहां सूरज मनो सचमुच आग उगलने लगा है। परिणामस्वरूप, सोमवार 7 अप्रैल को अकोला में अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस गर्मी का सबसे अधिक तापमान है। पूरे राज्य में सबसे अधिक तापमान अकोला में दर्ज किया गया। वहीं मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। बादल छाए रहने के कारण अकोला में 2 अप्रैल को तापमान 30 डिग्री तक गिर गया था। हालांकि, मौसम साफ होने के बाद पिछले चार दिनों से तापमान तेजी से बढ़ रहा है।

भीषण गर्मी के कारण विदर्भ के सभी जिलों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया है। अकोला में सुबह से ही गर्मी तेज थी। सड़कें सुनसान हैं, क्योंकि लोग गर्मी के कारण दोपहर में बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। जैसे-जैसे सूर्य की तीव्रता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, तापमान में भी काफी वृद्धि हो रही है।

### सुबह का तापमान 42.25 डिग्री था

❍ रविवार को अकोला में 43.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में इसमें एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। सोमवार को अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और आज यानी मंगलवार को सुबह का तापमान 42.25 डिग्री है।




# पंजाब ने चेन्नई को रोमांचक मुकाबले में 18 रनों से हराया

**मुल्लांपुर.**



पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को रोमांचक मुकाबले में 18 रनों से हरा दिया. पंजाब ने सीएसके को 220 रनों का लक्ष्य दिया था. इसके जवाब में सीएसके 201 रन ही बना सकी. चेन्नई के लिए डेवोन कॉनवे ने 49 गेंदों में 69 रन बनाए. शिवम दुबे ने 27 गेंदों में 42 रन बनाए. महेंद्र सिंह धोनी ने 12 गेंदों में 27 रन बनाए. रचिन रवींद्र 36 रन बनाकर पवेलियन लौटे. इस दौरान पंजाब के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 2 विकेट लिए. ग्लेन मैक्सवेल को एक विकेट मिला. पंजाब किंग्स ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान के साथ 219 रन बनाए. इस दौरान प्रियांश आर्या ने शतक लगाया. उन्होंने 42 गेंदों में 103 रन बनाए. शशांक सिंह ने नाबाद अर्धशतक लगाया. उन्होंने 52 रन बनाए. मार्को जानसन ने नाबाद 34 रन बनाए. पंजाब किंग्स ने मुकाबले को फिर से रोमांचक बना दिया है. यश ठाकुर ने महेंद्र सिंह धोनी को आउट कर दिया है. धोनी 27 रन बनाकर आउट हुए. चेन्नई को जीत के लिए 5 गेंदों में 28 रनों की जरूरत है. उसने 19.1 ओवरों में 192 रन बनाए हैं. महेंद्र सिंह धोनी 3 छक्कों और एक चौके की मदद से 27 रन बनाकर खेल रहे हैं. रवींद्र जडेजा 2 रन बनाकर खेल रहे हैं. चेन्नई ने 19 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान के साथ 192 रन बनाए हैं. चेन्नई को जीत के लिए आखिरी ओवर में 28 रनों की जरूरत है. डेवोन कॉनवे रिटायर्ड हर्ट हो गए हैं. वे 69 रन बनाकर पवेलियन लौटे. अब नए बल्लेबाज रवींद्र जडेजा आए हैं. चेन्नई सुपर किंग्स ने 18 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान के साथ 177 रन बनाए हैं. अब उसे जीत के लिए 12 गेंदों में 43 रनों की जरूरत है. चेन्नई सुपर किंग्स का तीसरा विकेट शिवम दुबे के रूप में गिरा. वे 27 गेंदों में 42 रन बनाकर आउट हुए. दुबे को फर्ग्यूसन ने पवेलियन का रास्ता दिखाया. चेन्नई ने 16 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान के साथ 152 रन बनाए हैं. उसे जीत के लिए 68 रनों की जरूरत है. अब धोनी बैटिंग करने आए हैं.पंजाब किंग्स के बल्लेबाज प्रियांश आर्या ने मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 39 गेंदों में शतक बनाया। उनका यह सिर्फ चौथा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मैच था। प्रियांश पांच बार के चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने बिल्कुल नहीं रुके। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने नौ छक्के और सात चौके मारे और 13वें ओवर में मथीशा पथिराना को 22 रन जड़कर अपना शतक पूरा किया। बता दें कि प्रियांश ने अपने डेब्यू आईपीएल मैच में 47 रन बनाए थे। 42 गेंदों में 103 रन बनाकर प्रियांश आर्या आउट हो गए थे। उनको नूर अहमद ने आउट किया था। प्रियांश आईपीएल में सबसे तेज शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। पहले नंबर पर यूसुफ पठान हैं, जिन्होंने 2010 में राजस्थान रॉयल्स के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलते हुए 37 गेंदों में सेंचुरी ठोकी थी। पंजाब किंग्स आईपीएल 2025 में जीत की पटरी पर लौट गई है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पंजाब को 18 रनों से जीत मिली। पावरप्ले में ही टीम के 3 विकेट गिर चुके थे। टॉप-6 में से 5 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। इसके बाद भी प्रियांश आर्या के शतक की मदद से पंजाब ने पहले खेलते हुए 6 विकेट पर 219 रन बनाए। चेन्नई 5 विकेट पर 201 रन बना पाई। महेंद्र सिंह धोनी ने 12 गेंदों पर 27 रनों की पारी खेली। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्या ने 39 गेंद पर आईपीएल इतिहास का चौथा सबसे तेज शतक जड़ा। उन्होंने 42 गेंद में नौ छक्कों और सात चौकों से 103 रन की पारी खेली। प्रियांश ने शशांक सिंह (नाबाद 52) के साथ उस समय छठे विकेट के लिए 34 गेंद में 71 रन की साझेदारी की जब टीम 83 रन पर पांच विकेट गंवाकर संकट में थी। शशांक ने इसके बाद मार्को यानसेन (नाबाद 34) के साथ सातवें विकेट के लिए 65 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। शशांक ने 36 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके मारे जबकि यानसेन ने 19 गेंद का सामना करते हुए दो छक्के और दो चौके जड़े।



# एलएसजी ने केकेआर का किया शिकार

## निकोलस पूरन के दम पर लखनऊ की तीसरी जीत, कोलकाता को सिर्फ 4 रन से हराया

**कोलकाता.**

मंगलवार को रोमांचक मुकाबले में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 4 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करके लखनऊ ने 239 रन का टारगेट दिया। जवाब में कप्तान अजिंक्य रहाणे की फिफ्टी के बावजूद कोलकाता 234/7 का स्कोर ही बना सकी। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में रोचक लम्हे देखने को मिले। शार्दूल ठाकुर को 100वां मैच खेलने पर स्पेशल जर्सी मिली। ऋषभ पंत के रिव्यू पर डी कॉक आउट हुए। डेविड मिलर ने आंद्रे रसेल का डाइविंग कैच लपका। निकोलस पूरन सबसे कम बॉल पर 2 हजार रन वाले दूसरे प्लेयर बने। शार्दूल ने लगातार 5 वाइड फेंकी। लखनऊ सुपर जायंट्स ने शार्दूल ठाकुर को 100वां आईपीएल मैच खेलने पर स्पेशल जर्सी दी। शार्दूल अब तक 6 फ्रेंचाइजी के लिए आईपीएल खेल चुके हैं। लखनऊ के बॉलिंग कोच जहीर खान ने उन्हें जर्सी प्रेजेंट की। कोलकाता की पारी का पहला ओवर डाल रहे आकाश दीप ने 16 रन दिए हैं। उन्होंने ओवर की पहली बॉल लेग स्टंप से दूर फेंकी जिसे विकेटकीपर ऋषभ पंत भी पकड़ नहीं सके और बॉल बाउंड्री चली गई। इस बॉल पर वाइड के रूप में एक और बाउंड्री के रूप में 4 कुल 5 रन मिले। आकाश दीप का दूसरा और पारी का तीसरा ओवर रोमांच से भरा रहा। ओवर की पहली बॉल पर क्विंटन डी कॉक ने फाइन लेग पर सिक्स लगा दिया। इसके अगली बॉल पर ऋषभ पंत ने कैच आउट की अपील की और डीआरएस लिया लेकिन सफल नहीं रहे। ओवर की तीसरी बॉल आकाश दीप ने शॉर्ट लेंथ की फेंकी, पुल शॉट खेलने की कोशिश में बॉल उनके पैड पर जा लगी। टीम ने अपील की लेकिन अंपायर ने आउट नहीं दिया। इसके बाद ऋषभ ने डीआरएस लिए और पता चला की बॉल स्टंप्स को हिट कर रही थी। डी कॉक 15 रन बनाकर आउट हुए। बाद में बल्लेबाजी करने आए कप्तान अजिंक्य रहाणे ने ओवर की आखिरी 2 बॉल पर दो चौके लगाए। इस ओवर से कुल 14 रन आए।

### कहां से पलटा मैच

☐ नरेन के आउट होने के बाद वेंकटेश अय्यर और कप्तान अंजक्यि रहाणे ने मोर्चा संभाला. इस दौरान शार्दुल ने 13वें ओवर में 5 वाइड बॉल फेंकी, लेकिन उन्होंने इसी ओवर में उन्होंने रहाणे को 61 रनों पर आउट कर दोनों के बीच की 71 रन की पार्टनरशपि खत्म की. लेकनि जैसे ही रहाणे आउट हुए उसके बाद केकेआर के वकिट ताश के पत्ते की तरह गरि पड़े. रमनदीप, अंगकृष और रसेल बेहद सस्ते में आउट हुए. वेंकटेश 45 रन बनाकर आउट हुए. लखनऊ की तरफ से आवेश खान और शार्दुल ठाकुर ने 2-2 विकेट लए. वहीं रवि बिश्निोई, दग्विेश राठी, और आवेश खान को 1-1 सफलता मलिी.



# जाम सांवली में हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन

## तीन दिवसीय श्री रामकथा का शुभारंभ

**जाम सांवली/सौसर.**

चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर (हनुमान लोक), जाम सांवली में हनुमान जन्मोत्सव का तीन दिवसीय भव्य आयोजन आज भक्ति और श्रद्धा के साथ प्रारंभ हुआ। आज के कार्यक्रम की शुरुआत जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी के मंदिर आगमन के साथ हुई। मंदिर पहुंचते ही महाराज जी ने सर्वप्रथम भगवान श्री हनुमान जी के चरणों में शीश नवाया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात, स्वामी जी व्यासपीठ पर विराजमान हुए, जहां मंदिर समिति के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर रामकथा के मुख्य यजमान दादाराव बोबडे एवं डॉ. प्रफुल कंटक, विजय चौधरी, इंदरचंद डागा तथा रमेश शर्मा सपत्नीक उपस्थित रहे। मुख्य यजमानों ने सामूहिक रूप से पवित्र रामायण की विधिवत पूजा-अर्चना की, जिसके बाद जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी ने अपने अमृतमयी वचनों से श्री रामकथा का शुभारंभ किया। कथा श्रवण कर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति के सागर मुग्ध हुए। आज के कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण जाम सांवली धाम हनुमान लोक के आधिकारिक भजन का विमोचन रहा।



प्रसिद्ध भजन गायक माहिर शर्मा ने जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती के समक्ष इस भक्तिमय भजन की प्रस्तुति दी, जिसके मधुर स्वर सुनकर उपस्थित सभी श्रद्धालु भावविभोर हो गए। उनके भजन हनुमान जी के प्रति अटूट श्रद्धा और जाम सांवली धाम की महिमा का सुंदर वर्णन करते हैं। माहिर शर्मा, जो कि भजन गायन के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं और पूर्व श्री बाघेश्वर धाम तथा प्रेमानंद महाराज के समक्ष भी अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। न्यास के विशेष आग्रह पर इस भजन के माध्यम से उन्होंने चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर में अपनी सेवा अर्पित की। संध्या काल में मंदिर परिसर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव और उत्साह के साथ भाग लिया।

मंदिर परिसर भक्तों की अपार भीड़ से खचाखच भरा रहा और भक्तिमय वातावरण से ओतप्रोत था। सभी भक्तों ने सामूहिक रूप से भगवान श्री हनुमान जी की आरती गाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और अपनी मनोकामनाएं अर्पित कीं। आज की इस विशेष संध्या महाआरती में पांढुर्ना के कलेक्टर एवं प्रबंधक लोक न्यास अजय देव शर्मा, पांढुर्ना के पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश एवं प्रसिद्ध भजन गायक माहिर शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने भगवान श्री हनुमान जी की पूजा-अर्चना की और सभी भक्तों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा एवं मंदिर के न्यासीगणों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। हनुमान जन्मोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस तीन दिवसीय श्रृंखला में 10 अप्रैल, 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी के मुखारविंद से भगवान श्री राम की पावन कथा का अमृतपान कराया जाएगा। मंदिर संस्थान ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस दिव्य श्री रामकथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करें और भगवान राम के आशीर्वाद के भागी बनें।

# सड़क हादसा: सुवर के अचानक सामने आने से कार ट्रक से टकराई

## पुलिस कर्मचारी सहित एक ही परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत



**हिंगनघाट.** रामनवमी के अवसर पर महाप्रसाद लेकर अपने गांव से वापस लौट रहे एक पुलिस कर्मचारी की कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। इस दर्दनाक हादसे में पुलिस कर्मचारी सहित उनके पूरे परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। घटना हिंगणघाट तहसील के तरोड़ा शिवार इलाके में सोमवार रात करीब 10:30 बजे हुई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, वडनेर पुलिस थाने में कार्यरत प्रशांत मधुकर वैद्य (उम्र 43, निवासी मांडगांव हाल मुकाम वर्धा) रामनवमी पर महाप्रसाद के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने गांव मांडगांव आए थे। कार्यक्रम के बाद वे अपनी पत्नी, बेटा और बेटी के साथ कार से वर्धा लौट रहे थे। तरोड़ा गांव के पास अचानक एक सुवर के सड़क पर आ जाने से उनकी कार का संतुलन बिगड़ गया और कार सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रशांत वैद्य की पत्नी प्रियंका प्रशांत वैद्य (37) और बेटा प्रियांश प्रशांत वैद्य (8) की मौके पर ही मौत हो गई। प्रशांत वैद्य और उनकी बेटी माही प्रशांत वैद्य (3) गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को तुरंत सेवाग्राम के कस्तूरबा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने माही को मृत घोषित कर दिया। प्रशांत वैद्य को गंभीर सिर की चोट के चलते नागपुर रेफर किया गया, लेकिन वे भी जिंदगी की जंग हार गए। एक ही परिवार के चार लोगों की एक साथ हुई इस हृदयविदारक मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। आगे की जांच शुरू है घटना की जानकारी मिलते ही महामार्ग पुलिस के एपीआई सपाटे, भोगे और काकडे ने घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू किया। हिंगनघाट पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# पंचायत राज अभियान में अमरावती जिला परिषद अव्वल

**अमरावती.** प्रशासनिक प्रबंधन एवं विकास कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला परिषद एवं पंचायत समिति के लिए यशवंत पंचायत राज अभियान पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए संभाग स्तर पर परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इसमें अमरावती जिला परिषद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अमरावती जिले की तिवसा पंचायत समिति पहले स्थान पर रही, जबकि अंजनगांव सुर्जी पंचायत समिति दूसरे स्थान पर रही। तथा बुलढाणा जिले की शेगांव पंचायत समिति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अमरावती संभाग में प्रथम स्थान पर आने के कारण अमरावती जिला परिषद ने राज्य स्तरीय मूल्यांकन प्रतियोगिता के लिए अब पात्र हो गई है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 146-1 | 890-7 |
| श्रीदेवी नाईट | 550-0 | 778-2 |

# ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति ने कलश का विधिपूर्वक विसर्जन किया







**कामठी.** चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान रणाला स्थित ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा ओमनगर दुर्गा मंदिर में यजमान सौ. नीलम राजकुमारसिंह बघेल के हस्ते स्थापित एवं पंडित रघुवर प्रसाद मिश्रा द्वारा पूजित मनोकामना ज्योति कलश का सोमवार को रात्रि में शहर के कन्हान नदी स्थित महादेव घाट में विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति के मानद सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी ने बताया कि परंपरा के अनुसार रामनवमीं के बाद भक्ति- भाव के साथ ओमनगर दुर्गा मंदिर में स्थापित ज्योति कलश को विसर्जित करने के लिए शाम को डीजे साउंड में नृत्य करते हुए शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा ओमनगर टी प्वाइंट, पंकज मंगल कार्यालय चौक, जयभीम चौक, हॉकी बिल्डिंग टी प्वाइंट, गरुड़ा चौक, माल रोड होते हुए मां के जयकारों के बीच महादेव घाट में भक्ति भाव के साथ धूमधाम से कलश विसर्जन किया गया। नौ दिनों तक उपवास रखने के बाद महिलाओं ने मनोकामना कलश विसर्जित करने के बाद भोजन ग्रहण कर उपवास तोड़ा।

इसके पूर्व शनिवार की सुबह ओमनगर दुर्गा मंदिर में अष्टमी हवन पूजन किया गया। वहीं रविवार को कन्या भोज कराया गया व शाम को देवी मंदिर प्रागंण में भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें भक्तगणों ने भंडारा महाप्रसाद ग्रहण किया। नवीन कामठी थाना वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले के मार्गदर्शन में पुलिस की चौक चौबंद व्यवस्था रही। नवरात्रि के सफलतार्थ अध्यक्ष कनवरसिंग पंघाल, उपाध्यक्ष उदयसिंग यादव, मानद सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, सहसचिव श्रावण केझरकर, सहसचिव देवेश ठाकरे, कोषाध्यक्ष अन्नू श्रीकांत सिंधिया पाण्डेय, सदस्य नीलम राजकुमारसिंह बघेल, सदस्य राजेश पिल्ले, सदस्य अशोक ठाकरे, सदस्य आकाश काटरपवार, सदस्य दीपक माणिकराव निकोसे, सदस्य यशवंत आरेकर, सदस्य भारती प्रमोद ठाकरे, सदस्य अद्विता नरेश घोरमाडे, सहित राजकुमारसिंह बघेल, सौ वंदना दीपक निकोसे, सौ. सरला अनिल आरोड़े, सौ वर्षा आकाश काटरपवार, सौ सोनाली बांछानिधि नंदी, सो उर्मिला संजय बावनकुले, सौ ज्योति प्रमोद बावनकुले, सौ पायल सुमित सिंधिया पाण्डेय, सो अर्चना श्रीवास, सो मीणा पुल्लरवार, श्रीमती पिल्ले, शीतल बरबटे, सौ वीणा सौमित्र नंदी, सौ रेखा श्रावण केझरकर, सौ रेखा हेमराज पगाड़े, सौ नीता शर्मा, सौ कल्पना ससानकर, मीनू फूलबांधे, श्रीमती संपत कोटेकेला, मिथुन विश्वकर्मा, सुनील चलपे, बॉबी महेंद्र, व्यंकट कोतपलवार, गोपाल फूलबांधे, नरेश घोरमाड़े, शुभम अशोक ठाकरे, संपत कोटेकेला, छोटू बावनकुले, कु.दिव्या आकाश काटरपवार, कु.आंचल राजकुमारसिंह बघेल, कु, रिया दीपक निकोसे, कु. श्रुति सौमित्र नंदी, कु.मोनिका फूलबांधे, कु. कशिश बावनकुले, कु. गुंजन बावनकुले, कु. तनया ऋषि भायदे आदि ने कड़ी मेहनत कि।

# कर्मयोगी फाउंडेशन की पहल

## विवाह के लिए 11,000 रुपये की सहायता



**नागपुर.**

बुटीबोरी स्थित कर्मयोगी फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सहायता और प्रेम की यात्रा जारी रखे हुए है। रामनवमी के अवसर पर, फाउंडेशन ने हिंगणा तालुका के आदिवासी बहुल पिपळधरा गांव की साक्षी गजानन उईके की मदद की। साक्षी की उम्र 22 वर्ष है, और 29 मई 2025 को उसका विवाह प्रस्तावित है।

कोरोना महामारी के दौरान अपने पिता को खोने के बाद, साक्षी और उसकी विकलांग बहन सायली के लिए जीवनयापन कठिन हो गया था। उनकी मां आशाताई ने ईश्वर से बेटी के विवाह के लिए प्रार्थना की, और उनकी प्रार्थना स्वीकार हुई। लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण, विवाह का खर्च उठाना चुनौतीपूर्ण था।

यह समझते हुए, कर्मयोगी फाउंडेशन ने साक्षी की मदद के लिए कदम बढ़ाया। रामनवमी के दिन, फाउंडेशन ने साक्षी को 11,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की और उसे साड़ी-चोली भेंट की, जिससे साक्षी का विवाह समारोह खुशी और सम्मान के साथ संपन्न हो सके। इस पहल से साक्षी और उसके परिवार को नई उम्मीद मिली, और रामनवमी का त्योहार उनके लिए विशेष बन गया।

# कमिट ने मल्टी ईयर टैरिफ आदेश पर स्थगन के खिलाफ दिया प्रतिवेदन

## एमएसईडीसीएल की याचिका पर आपत्ति

**नागपुर.** चैम्बर ऑफ एसोसिएशंस ऑफ महाराष्ट्र इंडस्ट्री एंड ट्रेड (कमिट), जो महाराष्ट्र भर के व्यापार और उद्योग संगठनों का प्रतिनिधित्व करता है, ने महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग (एमईआरसी) को एक विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। इस प्रतिवेदन में कमिट ने दिनांक 28.03.2025 के मल्टी ईयर टैरिफ (एमवाएटी) आदेश पर 2 अप्रैल 2025 को दिए गए एकतरफा स्थगन आदेश को तत्काल रद्द करने की मांग की है (प्रकरण क्रमांक 217/2024)। उक्त एमवाएटी आदेश, जो 1 अप्रैल 2025 से लागू हो गया है, को व्यापक जनसुनवाई एवं 4,485 उपभोक्ताओं व संगठनों की आपत्तियों एवं सुझावों की समीक्षा के बाद पारित किया गया था। इस आदेश में विद्युत अधिनियम 2003 व राष्ट्रीय विद्युत नीति के अनुरूप क्रॉस सब्सिडी को कम करते हुए सभी उपभोक्ता श्रेणियों के लिए बिजली दरों में उल्लेखनीय कमी की गई थी। हालांकि, महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) ने बिना औपचारिक पुनर्विलोकन याचिका दायर किए, अंतरिम आवेदन (आईए नं. 42/2025) प्रस्तुत कर आयोग से आदेश की समीक्षा या संशोधन के लिए स्वप्रेरणा से कार्यवाही की मांग की। एमएसईडीसीएल की एकतरफा याचिका के आधार पर ही आयोग ने 2 अप्रैल 2025 को आदेश पर एकतरफा स्थगन दे दिया। कमिट अध्यक्ष डॉ. दीपेन अग्रवाल ने इस स्थगन आदेश पर कड़ा विरोध दर्ज किया है और इसे कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन, प्रक्रियागत असंगतता और उपभोक्ताओं के हितों के विरुद्ध बताया है. प्राकृतिक न्याय का उल्लंघन: एमवाएटी की प्रक्रिया



में भाग लेने वाले किसी भी उपभोक्ता या संगठन को सूचना दिए बिना और बिना सुनवाई के एकतरफा स्थगन दिया गया। रिकॉर्ड पर कोई स्पष्ट त्रुटि नहीं: सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की आदेश 47 नियम 1 के तहत समीक्षा की शर्त के अनुसार एमएसईडीसीएल कोई स्पष्ट त्रुटि साबित नहीं कर सका। लागू आदेश को स्थगित नहीं किया जा सकता: विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 64(6) के अनुसार, एक बार लागू हो जाने के बाद टैरिफ आदेश तब तक प्रभावी रहता है जब तक उसे विधिवत संशोधित या निरस्त न किया जाए। उपभोक्ताओं को कोई नुकसान नहीं: एमएसईडीसीएल के दावे के विपरीत, एमवाएटी आदेश में सभी श्रेणियों के लिए दरें कम की गईं हैं। राज्य के अन्य वितरण लाइसेंसियों की तुलना में एमएसईडीसीएल की दरें अब भी सबसे अधिक हैं। कमिट ने जोर देते हुए कहा कि एमएसईडीसीएल द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया पुनः सुनवाई का एक पिछला दरवाजा है और इससे न्यायिक प्रक्रिया को दरकिनार किया गया है। कमिट ने एमईआरसी से निम्नलिखित मांगें की हैं. 02.04.2025 को दिया गया एकतरफा स्थगन तत्काल रद्द किया जाए। एमएसईडीसीएल को औपचारिक पुनर्विलोकन याचिका दाखिल करने और उसे अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करने का निर्देश दिया जाए। पुनर्विलोकन याचिका पर सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की जाए, जिसमें सभी प्रभावित हितधारकों को भाग लेने का अवसर मिले। कमिट ने महाराष्ट्र के व्यापारियों, उद्योगों और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और सभी सार्वजनिक टैरिफ और उपयोगिता से जुड़े नियामक निर्णयों में पारदर्शिता और प्रक्रिया की पवित्रता की मांग की।